**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरणट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड देहरादून**

पंत्राक 987 /विकास कार्य/नि0सू0/2026–27 दिनांक 13-08-2026

**ई–निविदा सूचना**

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न प्रकार के निर्माण एवं विकास कार्यो की गुणवत्ता नियंत्रण /कोर कटिंग पर सामर्थ्य परीक्षण ( सीमेन्ट, कंकीट, ब्रिक्स इत्यादि की परीक्षण) हेतु NABL (National Accrediation Board For Testing & Calibration Laboraatories) जो भारत सरकार की Quality Council का एक घटक बोर्ड है एवं भारत सरकार ने NABL को परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए एक मात्र मान्यता प्राप्त है। ऐसी फर्मे आगामी 02 वित्तीय वर्षो हेतु अपनी तकनीकी/वित्तीय प्रस्ताव दिनांक 05.09.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक uktenders.gov.in की बैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। प्राप्त ई निविदा को निविदा समिति/अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 07.09.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।

इच्छुक फर्म उक्त तिथि व समय पर अपना तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव प्राधिकरण द्वारा तैयार टी0ओ0आर0 के अनुसार NABL से मान्यता प्राप्त होने का प्रमाण पत्र, प्रयोगशाला होने का साक्ष्य इत्यादि तकनीकी अभिलेखों के साथ वॉछित प्रपत्र अपलोड कर मूल प्रति उक्त सभी अभिलेखो के साथ दिनांक 07.09.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राधिकरण में जमा करानी होगी। साथ ही निविदादाता द्वारा उक्त कार्यो हेतु निविदा मूल्य रू0 1180/– (जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं रू0 50,000.0 राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधिशासी अभियन्ता, म0दे0वि0प्रा0 के नाम बन्धक होगी, को उक्त बैबसाईट में उक्त तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा तथा मूल प्रति उक्त दिनांक 7.9.26 को अपरान्ह 2.00 बजे तक तकनीकी प्रस्ताव के साथ प्राधिकरण के सम्बन्धित अनुभाग में जमा करानी होगी। निर्धारित समय तक उक्त अभिलेख जमा न करने पर उस फर्म की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी। समस्त निविदाओं की बैधता 60 दिन मान्य रहेगी। यदि उक्त निविदाओं के सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशोधन आदि की आवश्यकता होती है तो उसकी सूचना mddaonline.in बैबसाईट के माध्यम से ही दी जायेगी

अधिशासी अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।